प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 24.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

........................

- राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस आज–प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।
- कोटपूतली के किरतपुरा गांव मे बोरवेल में गिरी बच्ची को बचाने के लिए प्रयास जारी–एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें भी बचाव कार्य में जुटी।
- शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में 25 दिसम्बर से शीतकालीन अवकाश घोषित किया।
- राज्य में कई स्थानों पर मावठ के बाद सर्दी का असर बढा।

........................

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस आज मनाया जा रहा है। हर साल 24 दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस प्रत्येक उपभोक्ता के अधिकार और उत्तरदायित्व के महत्व को उजागर करता है। इसी दिन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 लागू हुआ था। इस वर्ष का विषय है – वर्चुअल सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी आज नई दिल्ली में उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए कई पहलों का शुभारंभ करेंगे। इनमें ई–मैप पोर्टल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्प लाइन 2.0, जागो ग्राहक ऐप, जागृति ऐप और जागृति डैश बोर्ड शामिल है।

इन सभी ऐप का उद्देश्य डार्क पैटर्न यानि ऑनलाइन धोखाधडी और जालसाजी की गतिविधियों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेने और कार्रवाई करने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की दक्षता बढ़ाना है।

उपभोक्ता दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बारां और जैसलमेर में पिछले एक हफ्ते से चलाया जा रहा उपभोक्ता सप्ताह आज सम्पन्न हो रहा है। वहां आज जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिला कलेक्टर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे। अजमेर में आज कई गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी जायेगी। केकडी में आज उपभोक्ता संरक्षण और जागरूकता विषय पर संगोष्ठी और कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

........................

कोटपूतली उपखण्ड के किरतपुरा गांव में कल दोपहर बोरवेल में गिरी बच्ची को निकालने के लिए प्रयास किये जा रहे है। घटना स्थल पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवान भी मौजूद है। उपखण्ड अधिकारी बृजेश चौधरी के अनुसार 700 फुट गहरे बोरवेल में गिरी ये बच्ची डेढ सौ फुट पर फंसी हुई है। बच्ची को लगातार ऑक्सीजन सप्लाई दी जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव कुमार ने बताया कि बॉडी रिंग और अम्ब्रेला सपोर्ट जैसी तकनीक का उपयोग कर बचाव की कोशिश लगातार जारी है।

........................

मशहूर फिल्म निर्देशक और पद्मभूषण से सम्मानित श्याम बेनेगल का कल मुम्बई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे और काफी लम्बे समय से बीमार थे। दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित श्याम बेनेगल ने राजस्थान को लेकर भी कुछ चलचित्र बनाये।

........................

शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में 25 दिसम्बर से सर्दी की छुट्टियां घोषित की है।ये छुट्टियां 5 जनवरी तक चलेंगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने सभी शिक्षा अधिकारियों को शीतकालीन अवकाश की पालना के निर्देश दिए हैं। श्री जाट ने कहा कि

शिविरा कलेण्डर के अनुसार सभी स्कूलों को शीतकालीन, ग्रीष्मकालीन और मध्यकालीन अवकाश की पालना करना जरूरी है। अगर कोई विद्यालय इस दौरान खुला रहता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

........................

कोटा महोत्सव के तहत हो रहे कार्यक्रमों के तहत आज हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद कचोरी फेस्ट सहित कई रंगारंग कार्यक्रम होंगे। इससे पहले कल चम्बल रिवर फ्रंट पर महाआरती का आयोजन हुआ। उद्घाटन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए।

........................

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल कई स्थानों पर हुई बरसात के बाद ठण्ड का असर बढ गया है। आज भी विभिन्न इलाकों में बादल छाये हुए है। इसके साथ ही कोहरा भी देखा गया है। सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन बढ गई है। भरतपुर में कल शाम से शुरू हुआ बंदाबांदी का दौर रूक–रूक कर सुबह तक जारी रहा। सवाईमाधोपुर में बादल छाये हुए है। बालोतरा में सुबह से धुंध बनी हुई है। बारां में बादलों के साथ कोहरे का भी असर है। सांचौर, जैसलमेर और चूरू में ठण्डी हवाएं चल रही हैं जिससे आमजनजीवन प्रभावित है। पाली में घने कोहरे से लोगों को वाहन चलाने में परेशानी का सामना करना पडा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार 26 और 27 दिसम्बर को एक और पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई जगह मावठ के आसार है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

........................

दौसा के मेहंदीपुर बालाजी मोड पर कल शाम एक सड़क हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गई। ये हादसा एक कंटेनर के कार के ऊपर पलट जाने से हुआ। कार में सवार ये सभी लोग मध्यप्रदेश के रहने वाले थे और मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन कर लौट रहे थे। उधर चूरू के भादासर गांव में खेत में काम करने के दौरान बिजली के तार से करंट लगने पर पिता और बेटी मृत्यु हो गई।

........................

उदयपुर में मेनार के तालाब इन दिनों विदेशी पक्षियों की कलरव से आबाद हैं। यहां करीब 200 प्रजातियों के पक्षियों ने डेरा डाला हुआ है। इस बीच तालाब पर पहली बार दुर्लभ प्रजाति के पक्षी ब्लैक नेक्ड स्टार्क की ब्रीडिंग की सुखद खबर भी सामने आई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस प्रजाति के पूरी दुनिया में महज 35 हजार पक्षी ही हैं। इसलिए इसे इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) की रेड लिस्ट में शामिल किया गया है।

........................